कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 16 / 12 / 2021

गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं का अंतरविश्वविद्यालयीन टीम में चयन

शासकीय डॉ वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी अंतरविश्वविद्यालयीन खेल प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की टीम की तरफ से खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि – अंतरविश्वविद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की कु. रमा दत्ता का ईस्ट जोन अंतर विश्विद्यालयीन बैडमिंटन प्रतियोगिता में चयन हुआ। कु. रमा दत्ता 17 दिसम्बर से 19 दिसंबर तक रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी असम में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। इसी तरह महाविद्यालय की बॉक्सिंग खिलाड़ी पी. तनुजा का चयन 48 किलोग्राम समूह में ईस्ट जोन प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ है। पी. तनुजा जालंधर में 17 दिसम्बर से 22 दिसम्बर तक आयोजित ईस्ट जोन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी।

महाविद्यालय की वॉलीबॉल खिलाड़ी छात्रायें कु. मनप्रीत कौर, कु. सुषमा शिखा, दिव्या साहू का चयन विश्वविद्यालय टीम में हुआ है। जो कि 17 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक बालेश्वर, उड़िसा में आयोजित अंतरविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

विश्वविद्यालय की वॉलीबॉल टीम का नेतृत्व कु. मनप्रीत कौर करेंगी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं क्रीड़ा समिति के डॉ. के.एल. राठी, डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने छात्राओं को बधाई दी है।

रमा दत्ता	पी तनुजा	मनप्रीत कौर	दिव्या साहू

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)